**Patrika (Indore), 23rd November 2023, Frontpage-01**

आइआइटी | पासआउट विद्यार्थियों ने 2016 में रखी थी नींव, आज दुनिया को सिखा रहे वेस्ट मैनेजमेंट

# अमरीका को भी स्वच्छता के गुर सिखा रहा हमारा इंदौर

अभिषेक वर्मा
patrika.com

इंदौर. स्वच्छता के मामले में लगातार 6 बार देश में नंबर वन रहने वाला इंदौर दुनिया को सफाई की सीख दे रहा है, लेकिन यहां से शुरू हुआ एक स्टार्टअप भी सफाई के लिए दुनिया के लिए बड़ी मिसाल बना हुआ है। आइआटी इंदौर के पासआउट विद्यार्थियों का स्टार्टअप 'स्वाहा' आज देशभर के कई बड़े संस्थानों के साथ मिलकर कचरा निपटान के साथ ही अमरीका सहित कई अन्य देशों को भी वेस्ट मैनेजमेंट का गुर सिखा रहा है। आइआइटीयंस ने जब कचरे से जुड़े आइडिया को स्टार्टअप के तौर पर चुना, तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह देश के सफलतम स्टार्टअप्स में से एक होगा। हाल ही में अमरीका की कंपनी वेटरनॉट ने स्वाहा के साथ एमओयू किया है।

**50 हजार** रुपए से शुरू हुआ टर्नओवर आज 15 करोड़ तक पहुंचा



## दो छात्रों ने शुरू किया

आइआइटी से मैकेनिकल इंजीनियर ज्वलंत शाह व रोहित अग्रवाल ने जून 2016 में स्वाहा रिसोर्स मैनेजमेंट की नींव रखी। 2017 में मेंटर समीर शर्मा इसका हिस्सा बने।

## इंदौर को अव्वल बनाने में मददगार

सफाई में इंदौर को अव्वल बनाने में भी 'स्वाहा' का योगदान रहा। स्वाहा की शुरुआत उस दौर में हुई जब देश में पहली बार स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी चल रही थी। आइआइटीयंस अपने आइडिया को लेकर नगर निगम अधिकारियों से मिले तो उन्होंने इसकी सराहना करते हुए एक मौका दिया और 56 दुकान पर ट्रायल की अनुमति दे दी। इसके बाद होटलों, रहवासी कॉलोनियों में ये वैन पहुंचती रही।

## तेजी से बढ़ता स्टार्टअप

**छोटे** से स्टार्टअप से शुरू हुआ 'स्वाहा' आज सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में सबसे तेजी से बढ़ता स्टार्टअप है। हम अमरीका को भी वेस्ट मैनेजमेंट सिखा रहे हैं। हाल ही में कनाडा की कंपनियों ने भी रुचि दिखाई है। वे इंदौर आ रही हैं।

**- समीर शर्मा**, सीईटी, स्वाहा, रिसोर्स मैनेजमेंट प्रा.लि.